वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 2020–21

09 से 10 मार्च 2021

प्रथम दिवस

सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा चंदौली में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रारम्भ हुआ। जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस मौके पर छात्र/छात्राओं नें विभिन्न प्रकार के क्रीड़ा प्रतियोगिताओं–रस्सा–कस्सी, गोला फेक, म्यूजिकल चेयर, बॉलीवाल, कबड्डी और दौड़ (100 मी0, 200 मी0, 400 मी0) अपने प्रदर्शन से सबको प्रसन्न कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 श्यामनारायण यादव पूर्व प्राचार्य, सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली ने कहा कि इस महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य स्वर्गीय पंडित राम कमल पांडेय ने 1965 में सीमित संशोधनों को समेट कर पूर्वांचल में शिक्षा की क्रांति फैला दी। कालेज के प्राचार्य डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि क्रीड़ा का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक चेतना के विकास में मदद तो करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ रस्सा कस्सी के साथ शुरू हुआ। जिसके पश्चात् गोला प्रक्षेपण व म्यूजिकल चेयर में छात्र/छात्राओं ने अपने प्रदर्शन से अन्य सभी का मनोरंजन किया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री श्याम लाल सिंह यादव ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण डॉ0 इन्द्रदेव सिंह, डॉ0 दयानिधि यादव, डॉ0 उदय शंकर झा, डॉ0 शमीम राईन, डॉ0 अजय कुमार सिंह यादव, डॉ0 इंद्रजीत सिंह, डॉ0 दयाशंकर सिंह यादव, डॉ0 सीता मिश्रा, डॉ0 मीनू जायसवाल, सहित अन्य उपस्थित रहे अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक श्री श्याम लाल सिंह यादव ने किया तथा श्री धर्मेन्द्र यादव ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

द्वितीय दिवस–10.03.2021

सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन वॉलीबाल, कबड्डी व दौड़ की प्रतियोगिताए हुईं। इन सभी खेल–कूद में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। समारोह के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह कार्यक्रम संयोजक श्री श्याम लाल सिंह यादव रहे। मुख्य अतिथि डॉ0 संत कुमार त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी, सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज सकलडीहा चन्दौली रहे। "दो दिवसीय प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ विविध कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले व्यक्तिगत प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में कहॉ कि खेल–कूद प्रतियोगिता बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सहयोग जैसे गुणों का विकास होता है। अंत में कार्यक्रम संयोजक श्री श्याम लाल सिंह यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम संयोजक

Vijendra Singh
for प्राचार्य

प्राचार्य
सकलडीहा पी0 जी0 कालेज
सकलडीहा, चन्दौली